卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 23 •अंक 258 •पृष्ठ 8 •रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) •रविवार •25 जून 2023 •मूल्य दो रूपया


darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## उत्तराखण्ड में मानसून ने दी दस्तक

### नदी नाले उफान पर ,कई जगह मार्ग अवरूद्ध

देहरादून(उद संवाददाता)। झमाझम बौछारों के साथ प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। कई जगह भारी बारिश आफत लेकर आई है। कई मार्ग बंद होने से आवाजाही ठप है, कई नदियों का जलस्तर बढ़ने से नुकसान की तस्वीरें सामने आई है। देहरादून में बारिश के कारण एयरपोर्ट पर हवाई यातायात प्रभावित भी हुआ। जिस कारण एयरपोर्ट पर इंडिगो की पहली फ्लाइट लैंड नहीं हो पाई।रविवार को देहरादून सहित हरिद्वार, रुड़की और ऋषिकेश में मानसून की बौछारें पड़ रही हैं। देहरादून में तड़के से बारिश होती रही। मसूरी में रविवार तड़के जबरदस्त बारिश (शेष पृष्ठ सात पर)





## सीएम ने आपदा नियंत्रण कक्ष में लिया स्थिति का जायजा

देहरादून। राज्य भर में भारी वर्षा और मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को सचिवालय स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। उन्होंने यहां अधिकारियों के साथ राज्यभर की स्थिति का जायजा लिया।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मौसम के अलर्ट को देखते हुए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीडब्ल्यूडी की टीम तैनात है। सभी सहयोगी विभाग काम कर रहे हैं। सभी विभाग तैयार हैं। सभी जिलाधिकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## आपातकाल के सेनानियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 1975 में लगाये गये आपात काल के दौरान जेल जाने वाले व सरकार के अत्याचारों को सहने वाले सैनानियों के सममान में रखे गये प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन नगर निगम सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। जो तीस जून तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी व मेयर रामपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि किस प्रकार 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक चले आपात काल में कांग्रेस सरकार के दमनकारी नीतियों का विरोध करने पर सारे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जहां उन पर अनेक जुल्म ढ़ाये (शेष पृष्ठ सात पर)





## रील बनाने के चक्कर में गंवाई जान

### शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आये दो नाबालिग

हरिद्वार। मोबाइल से रील बनाने के चक्कर में दो युवकों की जान चली गयी। शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को घटनास्थल से ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। जीआरपी से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार देर शाम लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर बुजुर्ग गांव निवासी दो अलग-अलग परिवारों के 16 वर्षीय सिद्धार्थ सैनी और 17 वर्षीय शिवम गांव के पास स्थित डोसनी पुल पर गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों किशोर जब अपने मोबाइल से रील बना रहे थे तभी रेलवे ट्रैक पर शताब्दी एक्सप्रेस आ गई और दोनों तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। तुरंत लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन उनको दोनों के क्षत विक्षत शव ही मिले। जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)



## सरेआम चोर को पीटने का वीडियो वायरल, दो कांस्टेबल लाइन हाजिर

देहरादून(उद संवाददाता)। मित्र पुलिस का अमानवीय चेहरा एक बार फिर सामने आया है। थाना सहसपुर में नियुक्त कांस्टेबल का चोर को सरेआम पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एस एसपी ने दो कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार देहरादून जिले के ग्रामीण इलाके विकासनगर से मित्र पुलिस को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। वीडियो में एक कांस्टेबल एक चोर को सरेआम लातों से पीटता हुआ (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्राधिकरण के आदेश ताक पर, निर्माण जारी

### सील करने के आदेश का भी नहीं हुआ असर,धड़ल्ले से दिन रात चल रहा है निर्माण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर क्षेत्र में विकास प्राधिकरण की अनुमति के बिना निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं। आलम यह है कि प्राधिकरण के नोटिस का भी कोई असर नहीं पड़ रहा। वैशाली कालोनी में चल रहा ऐसा ही एक निर्माण कार्य दिन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। जिले में अनियोजित निर्माण कार्यों को रोकने के जिए जिला विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। प्राधिकरण का काम अवैध और बिना नक्शा पास कराये निर्माण कार्यों को रोकना है। लेकिन प्राधिकरण कई जगह अपने कर्तव्यों का पालन करने में असहाय साबित हो रहा है। प्राधिकरण की सख्ती के बावजूद शहर एवं आस पास के इलाकों में बिना नक्शा पास कराये निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं। ऐसा ही एक निर्माण कार्य रूद्रा होटल के पास टावर वाली गली वैशाली कालोनी के पीछे चल रहा है। बिना विकास प्राधिकरण की अनुमति एवं नोटिस देने के बाद भी चार दुकानों का निर्माण कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है। जानकारी मिलने के बाद मामले को गंभीरता (शेष पृष्ठ सात पर)





# चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आकड़ा 47 लाख पार

## श्रद्धालुओं में चरम पर उत्साह,नए रिकॉर्ड की तरफ बढ़ रही चारधाम यात्रा

## घोड़ा-खच्चरों से 82.43 करोड़ का कारोबार,अब तक 90 पशुओं की मौत

देहरादून(उद ब्यूरो)। देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए यात्रियों का उत्साह चरम पर है। दिन पर दिन यात्रा नए रिकॉर्ड की तरफ बढ़ रही है। इस बार यात्रा शुरू होने के दो महीने में ही दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 30 लाख पार पहुंच गया है। चारधाम यात्रा इस बार नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है। अब तक चारों धामों में 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। सिर्फ दो महीने में ही दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 30 लाख के पार पहुंच गया है। अभी चारधाम यात्रा चार महीने और चलेगी। ऐसे में यात्रा के नए रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद है। चारधाम यात्रा का आगाज 22 अप्रैल को गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही हुआ था। जिसके बाद 25 अप्रैल को केदारनाथ और 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही पूरी तरह से चारधाम यात्रा शुरू हो गई थी। इस बार चारधाम यात्रा में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण 47 लाख पार पहुंच गए हैं। इस साल अब तक 47.49 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा लिए हैं। जबकि पिछले साल कुल 46.27 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा कर दर्शन किए थे। जिसमें सबसे ज्यादा पंजीकरण केदारनाथ धाम के लिए किए गए हैं। चारधाम यात्रा में सबसे ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के धाम केदारनाथ पहुंच रहे हैं। अब तक केदारनाथ में दस लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि बद्रीनाथ धाम में नौ लाख, यमुनोत्री में 4.60 लाख और गंगोत्री में 5.35 लाख तीर्थयात्रियों ने अब तक दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ यात्रा की रीढ़ कहे जाने वाले घोड़ा-खच्चरों से दो माह में 82 करोड़, 43 लाख से अधिक का कारोबार हो चुका है। यात्रा में अब तक 318374 श्रद्धालु दो तरफा सवारी कर चुके हैं। इन जानवरों से केदारघाटी सहित अन्य क्षेत्र के लगभग 20 हजार परिवारों की आजीविका को बल मिल रहा है। 25 अप्रैल से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में पशुपालन विभाग और जिला पंचायत के माध्यम से यात्रियों के लिए 6933 घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण किया गया जबकि 1000 घोड़ा-खच्चर यात्रा से जुड़ी सामग्री के ढुलान के लिए पंजीकृत किए गए थे। केदारनाथ यात्रा की रफ्तार अब धीमी होने लगी है। यात्रा से अभी तक 2500 घोड़ा-खच्चर भी वापस लौट गए हैं। जबकि 4200 घोड़ा-खच्चरों का संचालन हो रहा है। कपाट खुलने के बाद से अभी तक घोड़ा-खच्चर से 3 लाख 16 हजार 450 श्रद्धालु केदारनाथ पहुंचे हैं। साथ ही यात्रा में अभी तक 90 घोड़ा-खच्चरों की मौत भी हो चुकी है।25 अप्रैल से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में पहले 5000 घोड़ा-खच्चरों के संचालन की अनुमति दी गई। इसके बाद प्रशासन द्वारा रोस्टर के हिसाब से पुनः घोड़ा-खच्चरों की संख्या बढ़ाई गई। इसके बाद यात्रियों के लिए घोड़ा-खच्चरों की संख्या बढ़कर 6000 की गई। इस बार घोड़ा-खच्चरों के सफल संचालन, पशुओं की नियमित देखभाल, पशुओं को गर्भ पानी को लेकर गौरीकुंड से केदारनाथ तक पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।साथ ही घायल व बीमार जानवरों के इलाज के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पहली बार चार अस्थायी अस्पताल भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां पर सात पशु चिकित्सक तैनात हैं। यही कारण है कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार जानवरों की मौत का आंकड़ा भी कम है। अभी तक 90 घोड़ा-खच्चरों की मौत हुई है। दूसरी तरफ अब, केदारघाटी से लेकर केदारनाथ में हो रही बारिश के चलते पैदल मार्ग पर फिसलन बढ़ने के कारण 2500 घोड़ा-खच्चर संचालक अपने जानवरों के साथ वापस लौट चुके हैं। आने वाले दिनों में और पशु संचालकों के भी यात्रा से लौटने की उम्मीद है। केदारनाथ यात्रा प्रीपेड काउंटर संचालन कर रही जी-मैक्स कंपनी के प्रभारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि अभी तक घोड़ा-खच्चरों से 3 लाख 16 हजार 450 यात्री धाम पहुंच चुके हैं। इधर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार ने बताया कि घोड़ा-खच्चरों की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है।

## केदारनाथ मंदिर में मोबाइल स्विच ऑफ कराने के बाद ही गर्भगृह में भेजा जायेगा

देहरादून। केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह की एक के बाद एक कई वीडियो वायरल होने के बाद अब बीकेटीसी ने बड़ा एक्शन लिया है। बताया जा रहा है कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति यात्रियों से उनके मोबाइल स्विच ऑफ कराने के बाद ही उन्हे गर्भगृह में भेज रही है। धाम में प्रतिदिन कम होती दर्शनार्थियों की संख्या के चलते गर्भगृह से दर्शन शुरू हो गए हैं। साथ ही दोपहर को बाबा केदार के बाल भोग के उपरांत दो घंटे मंदिर बंद किया जा रहा है। वहीं, रात 11 बजे तक ही दर्शन कराए जा रहे हैं।बीकेटीसी ने भक्तों के लिए गर्भगृह से दर्शन की अनुमति दे दी है। इस दौरान गर्भगृह से पहले ही श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन स्विच ऑफ कराए जा रहे हैं ताकि कोई भी यात्री गर्भगृह में अपने मोबाइल से कोई वीडियो न बना सके और न फोटो खींच पाए। यही नहीं, मंदिर समिति के कर्मचारी मुस्तैद होकर चौकसी कर रहे हैं।बीकेटीसी के अनुसार, केदारनाथ में यात्रियों की संख्या कम होने से अब सुबह चार से अपराह्न तीन बजे तक धर्म दर्शन कराए जा रहे हैं। इसके बाद बाबा केदार को बाल भोग लगाने और गर्भगृह की साफ-सफाई के लिए मंदिर को तीन से पांच तक दो घंटे बंद रखा जा रहा है। इसके बाद पांच बजे से रात 11 बजे तक श्रृंगार दर्शन कराए जा रहे हैं। साथ ही शाम छह से सात बजे तक सांयकालीन आरती हो रही है।बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह और एसीईओ रमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि गर्भगृह में प्रवेश से पहले प्रत्येक यात्री का मोबाइल बंद कराया जा रहा है। यात्रियों की संख्या में कमी हो रही है जिसके चलते अब गर्भगृह से दर्शन शुरू कर दिए हैं। अगर, भीड़ बढ़ती है तो पुनः सभामंडप से ही दर्शन कराए जाएंगे।



## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने की बदरीनाथ में स्थापित परंपराओं को बनाए रखने की मांग

जोशीमठ। ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि बदरीनाथ धाम में भव्यता के नाम पर दिव्यता को खत्म किया जा रहा है। भव्यता पर हमारी आपत्ति नहीं है, लेकिन दिव्यता को खत्म किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं करेंगे। शंकराचार्य मठ में पत्रकार वार्ता के दौरान शंकराचार्य ने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों पर सवाल खड़े किए। कहा कि धाम की धार्मिक विशेषताओं को नजरअंदाज कर उनकी हत्या की जा रही है। धाम में पांच धाराएं हैं, जिन्हें पंच गंगा कहा



जाता है। इनमें स्नान के बिना रावल मंदिर में प्रवेश नहीं करते, लेकिन पंच गंगाओं में से कुर्म धारा और प्रह्लाद धारा के अस्तित्व को ही समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति आचार्यों से परामर्श के बाद ही कोई कार्य शुरू करती थी, लेकिन मास्टर प्लान को लेकर आचार्यों से परामर्श नहीं करने से यह स्थिति बनी है। शंकराचार्य ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भी भेजा है, जिसमें बदरीनाथ में स्थापित परंपराओं को बनाए रखने, हेलंग-मारवाड़ी बाईपास का काम रोकने, जोशीमठ भू धंसाव की वैज्ञानिक रिपोर्ट सार्वजनिक करने और हिंदू नाबालिग लड़कियों के साथ हो रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए कार्रवाई की मांग की है।

## 23 किलो सोना या कितना किलो सोना सत्य भी सामने आना चाहिए : हरदा

देहरादून। पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने गर्भगृह को स्वर्ण मंडित करने के मामले में अफवाह फैलाकर राजनीति की जा रही है। इससे धार्मिक आस्था आहत हो रही है। अफवाहों पर विराम लगाने और सच्चाई सामने लाने के लिए सचिव धर्मस्व को गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं।वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि श्री केदारनाथ हम सबके, पूरी मानवता के आस्था के केंद्र हैं। सोना या ताबे पर खाली सोने का वर्क, 23 किलो सोना या कितना किलो सोना, यह सब विवाद बहुत अरुचिकर है, मगर उठा है। इसका समाधान भी सामने आना चाहिए, सत्य भी सामने आना चाहिए। मैंने केदारनाथ जी के पूर्व विधायक श्री मनोज रावत जी के साथ 7 लोगों से प्रार्थना की है कि आप लोग केदारनाथ क्षेत्र में जाएं, वहां के तीर्थ पुरोहितों व प्रबुद्ध लोगों से बातचीत करें और उनकी भावनाओं की जानकारी लेकर मेरा मार्गदर्शन करें। मुझे खुशी है कि सातों लोग इस दायित्व को निभाने के लिए खुशी-खुशी तैयार हुए हैं। श्री मनोज रावत, पूर्व विधायक, केदारनाथ। श्री कुलदीप कंडारी , जिला पंचायत सदस्य, सिल्ला, बामन गांव वार्ड, रुद्रप्रयाग।श्री गणेश तिवारी , जिला पंचायत सदस्य, गुप्तकाशी वार्ड, रुद्रप्रयाग।श्री विनोद राणा, जिला पंचायत सदस्य, कालीमठ वार्ड, रुद्रप्रयाग।श्री कमल रावत, पूर्व प्रमुख कर्णप्रयाग। श्री शिव सिंह रावत, रोंकश्वरी मंदिर समिति रांसी व पूर्व सदस्य, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ।श्री पुरुषोत्तम तिवारी , दुर्गा मंदिर समिति फेगु व वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित केदारनाथ।



## रूद्रपुर में जल्द शुरू होगा उत्तराखंड का पहला फीकल स्लैश ट्रीटमेंट प्लांट

### मेयर और एमएनए ने किया प्लांट का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में किच्छा बाईपास मार्ग बीएचईएल के निकट बन रहे उत्तराखण्ड के पहले फीकल स्लैश ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का मेयर रामपाल सिंह और और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया और निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। प्लांट का निर्माण पूरा होने के बाद इसमें घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले स्लज को प्रोसेस कर खाद तैयार की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अब तक हुए कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। प्लांट के सम्बंध में मेयर ने बताया कि यह उत्तराखण्ड का पहला प्लांट है जिसमें सैप्टिक टैंक के स्लज को वैज्ञानिक विधि से प्रोसेस कर खाद तैयार की जायेगी। उन्होंने कहा कि फीकल ट्रीटमेंट प्लांट शतप्रतिशत सोलर सिस्टम से संचालित होगा। जहां पर रुद्रपुर क्षेत्र में निर्मित समस्त भवनों में जमा होने वाले



सेप्टेज को डीस्लजिंग वाहन के माध्यम से ले जाकर खाली किया जाएगा। जिसको प्लांट में ट्रीट कर खाद तैयार की जाएगी। इस प्लांट की क्षमता 125 के0एल0डी0 है जिसके निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा 6.89 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है। मेयर ने बताया कि उक्त प्लांट का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है संभवतः जुलाई में इसे प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस प्लांट के शुरू होने से पर्यावरण संरक्षण में इसका लाभ मिलेगा। प्लांट में वैज्ञानिक विधि से स्लज का निस्तारण होने से शहर को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा तथा भूमिगत जल को भी दूषित होने से बचाया जाएगा, जिससे वातावरण शुद्ध होगा। बेहतर होगा जोकि आम जनमानस को स्वस्थय रखने में मदद करेगा।

## हल्द्वानी में प्रशासन ने दो अवैध कालोनियां की सील, मचा हड़कम्प

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।अवैध निर्माण की शिकायत पर जिला विकास प्राधिकरण ने दो अवैध कालोनियों को सील कर दिया है। इससे कालोनाइजरों में हड़कम्प मचा है। महानगर तथा उसके आसपास इलाकों में पिछले कुछ समय से अवैध कालोनियां कांटी जा रही हैं। जिसका संज्ञान लेते हुए कमिश्नर दीपक रावत ने दिशा निर्देश दिये थे जिसके बाद विकास प्राधिकरण ने ताबड़तोड़ छापा मारना शुरू कर दिया है। शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए गौजाजाली बिचली और देवला मल्ला में अवैध तरीके से काटी जा रही दो कालोनियों को सील करते हुए वाद दायर करा दिया। इसके अलावा सिटी मजिस्ट्रेट ने दो और अवैध निर्माण सील कर दिए हैं। इन दोनों अवैध निर्माण की शिकायत सिटी मजिस्ट्रेट से लिखित तौर पर की गई थी। जिला विकास प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह को शिकायत मिल रही थी कि गौजाजाली बिचली और देवला मल्ला में अवैध कालोनी काटी गई है। कालोनाइजर ने



कालोनी को रेरा से स्वीकृत भी नहीं कराया है। संयुक्त सचिव ऋचा सिंह ने रजिस्ट्रार को इस जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए कहा गया है। कहा कि देवला मल्ला में दुष्यंत सिंह ने 0.852 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कालोनी काटी गई थी। इसे भी सील कर दिया है। इसके अलावा कैनाल रोड पर सुरेश पंत, पीएन जोशी स्वीकृत मानचित्रा से भिन्न भवन निर्माण कर रहे थे। इस भवन में नक्शे में पार्किंग दिखाई गई थी मौके पर पार्किंग नहीं मिली। इसे भी सील कर दिया गया है। उधर कृष्णा कालोनी बरेली रोड के लोगों ने डीएम वंदना से शिकायत की थी कि शैलेष शैलजा के भूखंड के बीच 12 फिट का रास्ता है। इस रास्ते को बंद कर दिया गया है। कहा कि यहां बिना मानचित्र स्वीकृत निर्माण किया जा रहा है। डीएम के आदेश के बाद यहां भी छापा मारा गया। इसे भी सील कर दिया गया। रास्ते को भी खोल दिया गया है। बीच अचानक पड़े छापों से कालोनाइजर में मचा हड़कंप मचा है।

# अवैध लकड़ी से भरा ट्रक और ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी





शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वन विभाग की टीम ने अलग अलग स्थानों से मुखविर की सूचना पर सेमल की अवैध लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक को सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा-निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल एवं रनसाली रेन्ज द्वारा संयुक्त रूप से प्रभारी वन सुरक्षा दल प्रमोद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम शनिवार को नानकमत्ता,टुकड़ी, बिछुआ, सुनखरी मोटर मार्ग पर गश्त पर थी, तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई एक ट्रैक्टर ट्राली में नाप भूमि से सेमल प्रकाष्ठ काटकर बिना रवन्ने से लाया जा रहा है, सूचना पर अमल कर टीम द्वारा नानकमत्ता, टुकड़ी, बिछुआ, सुनखरी के पास दबिश दी गई। बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्राली आता हुआ दिखाई दिया,टीम द्वारा वाहन को जांच हेतु रोकने का इशारा किया, उक्त वाहन के चालक द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को रोड के किनारे खड़ा कर भाग गया। टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर ट्रैक्टर में सेमल प्रकाष्ठ लदा पाया गया।वाहन में कोई भी वैध प्रपत्र नहीं पाया गया। वाहन को अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधन द्वारा रनसाली रेंज में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। देव वन दरोगा रनसाली रेंज लाल सिंह नेगी वन बीट अधिकारी मोहित सिंह वन बीट अधिकारी मौजूद थे।वहीं सितारगंज-नानकमत्ता मोटर मार्ग पर गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने वाहन संख्या यूपी25डीटी-0643 को जांच हेतु रोका। वाहन के चालक ने अध्यक्ष गुरुद्वारा कमेटी नानकमत्ता साहिब चोमेला दिनांक 23/6/23 सेमल प्रकाष्ठ 32नग लट्ठा (4. 631घन मीटर) सेमल सोख्ता-10 क्विंट का रवन्ना दिखाया गया। टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में दर्ज नपत से अधिक गोलाई के लट्ठे ट्रक में लदे पाये गये। उक्त वाहन के चालक से वाहन में अधिक गोलाई के सेमल प्रकाष्ठ के बारे में पूछने पर चालक द्वारा बताया गया कि उसे प्रकाष्ठ के बारे में कोई जानकारी नहीं है, मेरे मालिक को पता है। उक्त चालक / स्वामी द्वारा निकासी कराने के उपरांत अन्य जगह से बिना परमिशन के सेमल प्रकाष्ठ को काटकर अवैध अभिवहन किया गया है। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधन द्वारा शक्ति फार्म वन परिसर में अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। टीम में पान सिंह मेंहता,वन दरोगा, निर्मल रावत वन दरोगा , सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी वाहन चालक चंदन सिंह भूपाल सिंह शामिल थे।

# मोटर साईकिल खाई में गिरने से घायलों के लिए देवदूत बनी पुलिस

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी को सूचना मिली की चौखुटिया रोड पर स्थान केदार के समीप एक मोटर साईकिल दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई है जिसमें एक स्त्री व पुरुष सवार थे। सूचना पर थानाध्यक्ष भतरौजखान पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे तथा रेस्क्यू कार्य हेतु पुलिस टीम सड़क मार्ग से नीचे खाई में उतरी व रामगंगा नदी को पार करते हुए घने कटीली झाड़ियों के बीच से गुजरकर घायलों तक पहुंचे। मोटर साईकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से सवार दोनों घायल सड़क मार्ग से लगभग 60 मीटर नीचे खाई में गिरे थे व दोनों गम्भीर रुप से घायल थे।



पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों की सहायता से दोनों घायलों को खाई से निकालकर मुख्य सड़क मार्ग तक लाया गया तथा पुलिस के सरकारी वाहन के माध्यम से उपचार हेतु नजदीकी चिकित्सालय भिकियासैंण पहुंचाकर समय से उपचार दिलाकर दोनों घायलों की जान बचाई गई।दुर्घटना में घायलों की पहचान पूजा पत्नी गौरव एवं राजेंद्र उर्फ रवि कुमार पुत्र स्ववशेर सिंह निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी,हे का महेंद्र सिंह बिष्ट,हे का प्रकाश चंद्र, होमगार्ड मनीष जोशी,होमगार्ड नवीन गिरी आदि शामिल थे।

# नैनीझील में आया कूड़ा हटाया

हल्द्वानी। नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा सफाई व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु पर्यवेक्ष्यको को क्षेत्र आवंटित किए गए हैं, जिनके द्वारा पालिका सीमांतर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाएगा तथा क्षेत्र में किसी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर संबंधित क्षेत्र के सफाई नायक से संपर्क स्थापित कर शिकायत का त्वरित समाधान करवाया जाएगा। शनिवार को बरसात के पश्चात नैनीझील में आए कूड़े की तत्काल मल्लीताल बोट हाउस क्लब के निकट स्थित बोट स्टैंड में तत्काल सफाई अभियान चलाया गया। जिस दौरान उक्त क्षेत्र के सफाई पर्यवेक्षक श्री शिवराज नेगी एवं सफाई नायक श्री राम सिंह तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# अतिक्रमण और गंदगी करने पर फड़ व्यवसायों का काटा चालान

नैनीताल। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गत दिवस नैनीताल शहर में गन्दगी, अतिक्रमण और अवैध रूप से संचालित फड़, व्यवसाय के विरूद्ध



लगभग 3 से 4 घण्टे का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 35 से अधिक दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया जो स्थायी रूप से अतिक्रमण किया गया था। ऐसे 24 लोगों का लगभग 17 हजार से अधिक का गन्दगी का चालान किया गया और 12 से अधिक फड़ व्यवसायों का सामान जब्त किया गया। अवैध रूप से पार्क हो रही किराये वाली साइकिलों को मॉलरोड से सीज किया गया। शहर से दो पहिया व चार पहिया वाहनों के खिलाफ वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई। दो होटल व्यवसाय जिनके द्वारा घरेलु सिलेन्डर प्रयोग में लाया जा रहा था उनके सिलेन्डर सीज करते हुए आवश्यक उत्पाद अधिनियम के तहत उनके ऊपर चालानी कार्यवाही की गई। एक दुकान में अवैध रूप से शराब पिलाते हुए पकड़े जाने पर एक बोतल और दो क्वाटर सीज करते हुए उनके खिलाफ भी चालानी कार्यवाही की गई। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में मालरोड से तल्लीताल तक यह अभियान चलाया गया और आगे भी चलाया जायेगा। तल्लीताल में नैनीताल रोड में रेता बेचने दुकानदार के विरुद्ध खनन अधिनियम में अवैध भण्डारण की चालानी चलानी कार्रवाही करते हुए 60 कट्टे सीज किए गए । इस मौके पर उपजिलाधिकारी राहुल साह, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, जिला पूर्ति अधिकारियों के साथ मल्लीताल कोतवाल, ट्रॉफिक इंचार्ज आदेश कुमार सहित अन्य सम्बधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने की विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने लोनिवि, जलसंस्थान, सिंचाई विद्युत, नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट के साथ ही सम्बन्धित अधिकारी के साथ हल्द्वानी शहर क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों, सडकों का चौडीकरण,जंक्शन सुधारीकरण, ड्रेनेज व्यवस्था, नहर कवरिंग, यातायात व्यवस्था आदि के सम्बन्ध मे कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में ली। डीएम ने समीक्षा के दौरान सिन्धी चौराहे चौडीकरण, मण्डी रामपुर रोड पुलिस चौकी भवन, तीनपानी रामपुर रोड सडक चौडीकरण, मुक्ति विश्व विद्यालय के पास नहर कवरिंग, यातायात चौराहा देवलचौड जंक्शन सुधारीकरण, सुशीला तिवारी चिकित्सालय के सामने संकरे मार्ग के चौडीकरण, मुखानी चौराहा पर फ्लाईओवर का निर्माण,कपिलाज के पास जलभराव, चौफुला चौराहा नहर कवरिंग कार्य, कालटैक्स तिराहा कन्जैक्शन प्वाइंट, रानीबाग स्थित तिराहा, नैनीताल रोड ठंडी सडक निर्माण एवं पार्किग निर्माण, सिचाई



विभाग द्वारा वॉकवे माल के समीप नाली निर्माण की भौतिक कार्यों की प्रगति जानकारी लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे स्वीकृत कार्यों के टेंडर प्रक्रिया एवम प्रस्तावित कार्यों के सर्वे, स्टीमेट तथा अतिक्रमण चिन्हित का होमवर्क भलीभांति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें जो प्लान बनायें वह आगामी 25 वर्षो के लिए बनायें। समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक अशोक चौधरी, सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह के अलावा सिचाई, जल संस्थान के अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प में किया जनसंपर्क

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महा जन संपर्क अभियान के तहत विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बूथ संख्या 110,112,113 पर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ घर घर सम्पर्क किया । जगह जगह आम लोगो से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन के लिये जारी टोल फ्री नम्बर 9090902024 पर मिसकॉल करवा कर समर्थन जुटाया । इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह 9 वर्ष देश सेवा और गरीब कल्याण को समर्पित रहे जो दर्शाता है कि आम जनता आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में खड़ी है और जनता में आज भी मोदी सरकार के प्रति विश्वास देखने को साफ नजर आ रहा है। हमको सम्पर्क से समर्थन



अभियान के दौरान लोगो का भरपूर्ण जुडाव देखने को मिल रहा है। देश आज सुरक्षित हाथों में हैं , आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी फिर से पूर्ण बहुमत के साथ देश मे सरकार बनाने जा रही है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, भूपराम,विजय डे, मदन दिवाकर,मुकेश रस्तोगी, विधान पांडेय,डी के गंगवार, हीरा लाल,प्रदीप राठौर, कृष्ण पाल, वीरेंद्र राठौर, छेदा लाल,सत्यपाल सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राहगीरों को वितरित किया मीठा शरबत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी में समाजसेवियों ने छबील लगाकर लोगों को मीठा शरबत वितरित किया। जानकारी के अनुसार समाजसेवी गौरव भुड्डी के पुत्र विराट अरोरा के जन्मदिन के उपलक्ष में आदर्श कालोनी में छबील लगायी गयी। जिसमें राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत दिलायी गयी। इस अवसर पर बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री गौतम आहूजा, कोषाध्यक्ष



शिवम तागरा, सरपरस्त भूमेश अरोरा, संजय ठुकराल आदि भी मौजूद थे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# अब घर बैठे मिलेगा शुद्ध सरसों का तेल

## लोगों को मिलावटी तेल से बचाने के लिए किसान सरदार वीर सिंह विर्क बना रहे हैं कच्ची घानी शुद्ध सरसों तेल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बगवाड़ा तराई के प्रगतिशील किसान सरदार वीर सिंह विर्क ने लोगों को मिलावटी तेल से छुटकारा दिलाने का बीड़ा उठाया है। नकली और मिलावटी तेल को टक्कर देने के लिए उन्होंने कम कीमत पर वीर कच्ची घानी शुद्ध सरसों का तेल बाजार में उतारा है जिसकी डिमांड तराई के साथ-साथ दूसरे यूपी के विभिन्न शहरों में भी बढ़ती जा रही है। खास बात यह है कि सरदार वीर सिंह विर्क द्वारा उत्पादित किया जा रहा 'वीर कच्ची घानी शुद्ध सरसों का तेल' बाजार में मिलने वाले तेल से भी कम कीमत पर उपलब्ध है। इसे लोगों तक आसानी से पहुंचाने के लिए होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बगवाड़ा निवासी 73 वर्षीय किसान सरदार वीर सिंह विर्क विरासतन किसान हैं। उनका परिवार देश विभाजन के दौरान पाकिस्तान से तराई में आकर बस गया। तराई को आबाद करने में उनके परिवार का अहम योगदान रहा है। मेहनत के दम पर आज सरदार वीर सिंह विर्क का परिवार खुशहाल और संपन्न परिवारों में गिना जाता है। दशकों से खेती बाड़ी करके लोगों तक अनाज पहुंचा रहे सरदार वीर सिंह विर्क का परिवार अपने खेतों में उगाई जाने वाली सरसों से ही तेल निकालकर अपने घर में उपयोग करता रहा है। बाजार में मिलने वाले मिलावटी सरसों की सच्चाई जब पता चली तो सरदार वीर सिंह विर्क हैरान रह गये। उन्होंने मिलावटी तेल से लोगों को छुटकारा दिलाने का मन बनाया और लोगों को शुद्ध तेल उपलब्ध कराने के लिए खुद का प्लांट स्थापित किया। उन्होंने कोटिया इंटरप्राईजेज के नाम से फर्म बनायी और उसमें वीर कच्ची घानी शुद्ध सरसों के नाम से शुद्ध सरसों का तेल उत्पादित कर बाजार में उतारा। वर्तमान में उनके दो प्लांट एक बगवाड़ा और दूसरा यूपी के चांदपुर खानपुर गांव में चल रहा है। शुरूआत में उन्हें इसमें काफी दिक्कत आयी। इसकी वजह यह भी रही कि उन्होंने तेल की जो कीमत रखी, वह बाजार में मिलने वाले मिलावटी तेल से काफी कम थी, लोगों को भरोसा नहीं हुआ कि इतनी कम कीमत पर भी शुद्ध तेल मिल सकता है। सरदार वीर सिंह विर्क के मुताबिक बाजार में सरसों के तेल के कई ब्रांड ऐसे हैं जो तेल के नाम पर जहर हैं। उन्होंने कहा कि मुनाफे के चक्कर में मिलावटखोर लोगों की जान से खेल रहे हैं। सरसों के तेल में घटिया पॉम आयल मिलाकर बेचा जा रहा है जो शरीर के लिए बेहद घातक हैं। उन्होंने बताया कि आज शरीर में होने वाली तमाम बिमारियों की वजह बाजार में बिकने वाला मिलावटी तेल है। हार्ट से सम्बंधित बिमारियों की सबसे बड़ी वजह मिलावटी तेल ही है। उन्होंने कहा कि सरसों का तेल शुद्ध हो तो हृदय से सम्बंधित बिमारियों का खतरा कम रहता है। मिलावटी तेल कम उम्र में ही लोगों को बूढ़ा बना रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने खुद सरसों के तेल का उत्पादन शुरू किया। इसके पीछे उनका



मकसद लोगों को स्वस्थ रखना भी है। लोग बिमारियों से दूर रहें इसके लिए उन्होंने इस काम को सेवा के रूप में अपनाया है। इसीलिए वह नाम मात्र का ही मुनाफा लेते हैं। जिससे कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्चे निकल पायें। उन्होंने कहा कि ईश्वर का दिया हुआ उनके पास बहुत कुछ है उन्हें दौलत का कोई मोह नहीं। सरदार वीर सिंह विर्क के मुताबिक उन्होंने सरसों के तेल की कीमत बाजार में मिलने वाले तेल से भी कम रखी है। पीली लाही का तेल वर्तमान में मात्र 150 रूपये लीटर और काली लाही का तेल मात्र 140 रूपये लीटर उपलब्ध कराया जा रहा है। उनके तेल की कीमत इसलिए भी कम होती है क्यों कि वह खुद तो सरसों की फसल का उत्पादन करते ही हैं साथ ही सीजन में बड़ी मात्रा में किसानों से सरसों की खरीद भी कर लेते हैं। वर्तमान में 40 एकड़ खेतों में वह खुद लाही उगा रहे हैं इसके अलावा दिनेशपुर, बाजपुर, पूरनपुर पीलीभीत, और बंदायू में कई बड़े किसानों से उन्होंने लाही खरीदने के लिए अनुबंध किये हुए हैं। स्टोरेज के लिए उनके पास खुद का पर्याप्त गोदाम और संसाधन मौजूद हैं। सीजन में सरसों कम कीमत में मिलने के कारण उनकी उत्पादन लागत बेहद कम हो जाती है। इसीलिए वह मामूली मुनाफा लेकर सरसों का तेल लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके तेल में शुद्धता की गारंटी है। उनका तेल स्वास्थ्य के लिए इसलिए भी बेहतर है क्यों कि इसे पूरी सफाई के साथ तैयार किया जाता है। बड़े प्लांटों में तेल उत्पादन की जो प्रक्रिया होती है उसमें तेल की तासीर गर्म हो जाती है लेकिन उनके पास जो प्लांट है उसमें तेल में नमी खत्म रही होती जिससे उसकी गुणवत्ता लम्बे समय तक बनी रहती है। सरदार वीर सिंह विर्क ने बताया कि उनके प्लांट में पूरी शुद्धता के साथ तेल तैयार किया जाता है कोई भी आकर उनके प्लांट का विजिट कर सकता है और अपनी आंखों के सामने तेल को तैयार होते देख सकता है। शुद्धता के चलते ही उनके तेल की मार्केट में डिमांड लगातार बढ़ रही है। तराई के साथ- साथ यूपी के कई शहरों में इस तेल को लोग पसंद कर रहे हैं। सरदार वीर सिंह विर्क बताते हैं कि वर्तमान समय में शुद्ध तेल का उपयोग करने से लोग तमाम स्वास्थ्य सम्बंधी दिक्कतों से बच सकते हैं क्यों कि सरसों का तेल सिर्फ तेल नहीं बल्कि एक औषधि भी है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि मिलावटी तेल से बचें। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सिर्फ व्यवसाय का सवाल नहीं बल्कि लोगों की सेहत का भी सवाल है। उन्होंने लोगों से बिमारियों से बचने के लिए शुद्ध गुणवत्ता वाले उत्पादों का ही इस्तमेला करने और मिलावटी उत्पादों से बचने की अपील की है।

## भविष्य में उतारेंगे शुगर फ्री आलू और चावल

रूद्रपुर। आर्गेनिक उत्पादों की बढ़ती मांग और लोगों में बढ़ती शुगर की बिमारी को देखते हुए 73 वर्षीय किसान सरदार वीर सिंह विर्क भविष्य में शुगर फ्री आलू और चावल बाजार में उतारने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शुद्ध गुड़ उत्पादन के लिए भी प्लांट लगाया है जो फिलहाल बंद चल रहा है। जल्द ही उसे फिर से चालू करने की तैयारी है। सरदार वीर सिंह विर्क का कहना है कि बाजार में मिलने वाला कैमिकल युक्त गुड़ भी जहर के समान है। इसलिए उन्होंने शुद्ध गुड़ उत्पादन के लिए प्लांट लगाया है। साथ ही वह किसानों को गन्ने का उत्पादन करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।



# मोदी की लोकप्रियता से घबराया है विपक्ष:भट्ट

## समाज में एकजुटता के लिए चलाये जा रहे टिफिन बैठक के कार्यक्रम



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी का टिफिन बैठक कार्यक्रम नरसिंह बैंक्वेट हॉल पीलीकोठी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री व उधम सिंह नगर व नैनीताल सांसद अजय भट्ट रहे। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने-अपने टिफिन भोजन का आदान-प्रदान कर भोजन किया और भारतीय जनता पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय भट्ट ने कहा कि विश्व हमारा कुटुम्ब है ये संदेश अमेरिका में प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में उन्होने दिया हमको भी मोदी की बातों की गहराई को समझने का प्रयास करना चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में बहुत आगे निकल गयी है। विदेशी मुद्रा हमारे पास जमा है राशन के भंडार भरे है, विपक्ष महंगाई का रोना रो रहा है केवल व केवल पटना में फोटो सेशन चल रहा है। विपक्ष आज मोदी की लोकप्रियता से डरा पड़ा है। आज हमारे देश की बेटीयां भी आगे बढ़ रही है। हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है महिलाओं का सम्मान और महिलाओं को आगे बढ़ाने का लगातार हमारी सरकार प्रयासरत हैं गरीब का बेटा बेटी आगे बढ़ रहे हैं सब को हमारी सरकार समान अधिकारी दे रही है। आज मोदी जी का विश्व सम्मान कर रहा है। मोदी जी में विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता है क्योंकि विश्व देख रहा है भारत आगे बढ़ रहा है। आज विदेशो में हमारी संस्कृति और हमारे योग हमारे सनातन ज्ञान की चर्चा हो रही है। हमारे ग्रंथों से विश्व सीख ले रहा है। हमने विश्व का योग दिया है जिसे विश्व भर ने अपनाया है जिसका श्रेय हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। हम आज टिफिन बैठक अपने-अपने घरों से भोजन लाकर एक स्थान पर कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। इससे हमारे समाज में एकजुटता बढ़ाने और समाज को एकजुटता का संदेश दे रहे है। हम चाहते है कि हर जाति, धर्म और समाज की कुरीतियों को दूर कर समाज को एक करने की हमारी टिफन बैठक कार्यक्रम आयोजित किए है जाति धर्म से पहले देश है इसलिए सर्वप्रथम हम देश की मान सम्मान और जनता का ही हर वर्ग के लिए सोचना और हमारे कार्यकर्ता जनता के बीच में जाकर उनकी समस्याओं को समझना जिससे समाज की समस्याओं का हल हो उनका निदान निकाला जाए इसलिए हमने जगह-जगह टिफिन बैठक का आयोजन किया है। अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि पार्टी ने कार्यकर्ताओं में समानता भेदभाव दूर कर समाज को एकजुटता के लिए टिफिन कार्यक्रम का आयोजन चलाये जा रहे है। हर कार्यकर्ता हर मोर्चे के कार्यकर्ताओं को जोड़ हर घर से टिफिन बनाकर एक परिवार में बैठकर भोजन करने का आयोजन हर बूथ पर चल रहा है जिससे कार्यकर्ताओं के दुख सुख बाँटना और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का पार्टी काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है हमारे प्रधानमंत्री ने देश का मान और सम्मान विश्व पटल पर पड़ा है जिससे हमारा कार्यकर्ता और हम गौरवान्वित महसूस करते है और देश लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। पार्टी हर वर्ग हर तबके के लिए लगातार काम कर रही है और हमारा कार्यकर्ता लगातार जनता से संवाद कर जनता की नब्ज टटोल उनकी जरूरतों को का काम बूथ स्तर तक चल रहा है। पूरा करने कार्यक्रम संचालन नवीन भट्ट ने किया। कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री गजराज सिंह बिष्ट, प्रवक्ता विकास भगत, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, मनोज पाठक, संजय पाण्डे, प्रमोद बोरा, प्रमोद पंत, एससी मोर्चा अध्यक्ष, भुवन आर्या, ओबीसी मोर्चा महेन्द्र कश्यप,कंचन कश्यप चन्दन बिष्ट, विष्णु सक्सेना, खीमानन्द ब्रिजवाशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अल्का जीना श्रुति गोलवलकर, कल्पना बोरा, श्रुति तिवारी और आदि लोग मौजूद रहे।






# फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार रेनबो स्कूल के सामने वाली गली, आदर्श कॉलोनी, रूद्रपुर जो कोईगावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागतकिया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती , बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसाचाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने मेंहदीपुर जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती व भोग लगाने केउपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खैरत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, हरीश कुमार, शिव कुमार, लवी





में प्रिंस सिंह की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप सेज्योत प्रज्वलित कर श्रीगुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहनहुआ एवंसभी भक्तोंने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया ।वही भजनोंकी श्रृंखला मेंअजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबाअपने ये दोनों साथ के बालाजी, सुनील कुमार ने ये प्रार्थनामेरी, कालू मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, आयुष अरोरा ने देना है तो दे दे, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, संजीवकुमार ने आज तो कैलाश माही आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्रीसीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज अरोरा, आयुष अरोरा, विशाल मदान, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, गोविंद कुमार, विपुल, वैभव गगनेजा, हरीश कालरा, विराट कुमार आर्य, राजा राधे, विक्की यादव, मोहित देवल, मोहितनारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# ट्रक से डीजल चोरी करने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिनों थाना मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत घर के बाहर खड़े ट्रक से हजारों रुपए कीमत का डीजल चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने डीजल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मनोज तिवारी पुत्र हरीश तिवारी, निवासी हरिपुर पूर्णानंद तीनपानी ने मुखानी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसके घर के बाहर खड़े उसके ट्रक संख्या यूके 04 सीए 8890 से अज्ञात चोर द्वारा ट्रक की टंकी का ढक्कन तोड़कर उसमें से लगभग 72 लीटर तेल चोरी कर लिया गया। मामले के खुलासे हेतु थानाध्यक्ष मुखानी रमेश बोहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर विवेचना उपनिरीक्षक गुलाब सिंह कंबोज के सुपुर्द की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि ट्रक की टंकी तोड़कर डीजल निकालने की घटना को शातिर चोर



पवन शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी जगतपुर पुराना शहर, थाना बारादरी, जनपद बरेली ने अंजाम दिया है। जिसे चोरी किए गए डीजल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत भेजा गया।

# ई चौपाल में सुनी ग्राम ओदली की समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने शनिवार को ई-चौपाल के माध्यम से नानकमत्ता के ग्राम ओदली की समस्याएं सुनी। ई-चौपाल मे कुल 15 समस्याएं दर्ज हुई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। सर्वाधिक समस्याएं, विद्युत, सीसी रोड, पानी से सम्बन्धित थीं। प्रमुख समस्याओं में सुनीता देवी ने सिंचाई के लिये निःशुल्क विद्युत लाईन लगाने, रामपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह ने विद्युत ट्रांसफार्म की क्षमता बढ़ाने की मांग रखी जिसपर अपर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चत करें। सूरज कुमार ने टूटी सड़क को ठीक करने की मांग पर अपर जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्तमान में बरसात के सीजन को देखते हुये मरम्मत करें। राकेश सिंह, रंजीत सिंह, रविन्द्र कुमार, राजकुमार, मान सिंह ने सीसी मार्ग निर्माण करने की मांग पर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम सभा की बैठक कराकर प्रस्ताव बनाकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। विरेन्द्र सिंह ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सड़क खोदकर पाईप लाईन के उपरांत सड़क की मरम्मत करने की मांग पर अपर जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पाइप लाईन में पानी की टेस्टिंग कर सड़क को शीघ्रता से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। सुनीता देवी ने खराब हैण्डपम्प को ठीक कराने की मांग पर अपर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हैण्ड पम्पों को चौक कर तत्तकाल मरम्मत करना सुनिश्चित करें। दक्षिणी देवी ने सार्वजनिक शौचालय मांग रखी जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करें। ई-चौपाल में अधिशासी अभियन्ता विद्युत चन्दन सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार आदि सम्बन्धित अधिकारी ऑनलाईन के माध्यम से शामिल थे।



# श्री अग्रवाल सभा के सुशील अध्यक्ष राजेंद्र महामंत्री व अशोक कोषाध्यक्ष बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा की एक आमसभा महाराजा अग्रसेन भवन रामपुर रोड में संपन्न हुई। जिसमें निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा पिछले वर्ष मे किए गए कार्यों पर चर्चा हुई। निवर्तमान अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग व निवर्तमान महामंत्री आशुतोष अग्रवाल ने पिछले एक वर्ष में अग्रवाल सभा द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल द्वारा पिछले वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। सदन में वक्ताओं ने निवर्तमान पदाधिकारियों की कार्यों की प्रशंसा की। संरक्षक मंडल द्वारा अगले एक वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन करवाया गया। सर्वसम्मति से सुशील अग्रवाल पप्पी को अग्रवाल सभा का अध्यक्ष, पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना को महामंत्री और अशोक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। आम सभा मैं मुख्य रूप से संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, आवेश गर्ग, नरेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सरिल गोयल, अजय अग्रवाल मुन्ना, महेश अग्रवाल, अनीश अग्रवाल,अनिल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नफरत की साजिशें और अफवाह

अफवाहों और गलत सूचनाओं को प्रसारित करने का वहां बकायदा एक तंत्र विकसित हो चुका है, जिसे छिन्न-भिन्न करने में कुछ हद तक तो कामयाबी मिली है, मगर वह अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर में नफरत का माहौल बनाने के लिए अलगाववादी ताकतें तरह-तरह की साजिशें रचती हैं। स्थानीय लोगों में भारत सरकार और व्यवस्था के विरुद्ध अक्सर वहां अफवाहें फैलाई जाती रहती हैं। ऐसी ही एक साजिश करीब चौदह साल पहले शोपियां में रची गई थी, जब दो महिलाओं के शव दरिया में बहते मिले थे। अफवाह फैलाई गई कि वहां तैनात सुरक्षाबलों ने उन महिलाओं के साथ बलात्कार करके उन्हें मार डाला और नदी में फेंक दिया।इस अफवाह को सच साबित कर दिया वहां के दो चिकित्सकों ने अपने शव परीक्षण की रिपोर्ट के जरिए। उन्होंने कहा कि वास्तव में सुरक्षा बलों ने उन महिलाओं के साथ बलात्कार किया था। उसके बाद पूरी घाटी में तनाव का माहौल बन गया था और करीब डेढ़ महीने तक अशांति बनी रही। अब पता चला है कि उन महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ ही नहीं, बल्कि उनकी मौत डूबने से हुई थी। बलात्कार की अफवाह इसलिए फैलाई गई थी कि स्थानीय लोगों को सुरक्षा बलों के खिलाफ भड़काया जा सके। अब असलियत सामने आने के बाद दोनों चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब उपद्रवी तत्त्व वहां स्थानीय लोगों को प्रशासन और सुरक्षा बलों के खिलाफ भड़का कर अपनी साजिशों को अंजाम देने की कोशिश करते रहे हैं।दरअसल, घाटी में प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच नजदीकी इसीलिए नहीं बन पाती कि अलगाववादी और आतंकी संगठन वहां के लोगों के मन में यह बात भर चुके हैं कि सुरक्षा बलों की ज्यादती की वजह से ही उनके जीवन में शांति नहीं आ पा रही। सुरक्षा बलों की छवि स्थानीय लोगों में आततायी की बना दी गई है। लोगों को बिना किसी सूचना के घरों से उठा लेना और फिर उनका कोई पता न चल पाना। ऐसी अफवाहों से आतंकवादियों को ही लाभ मिलता है बेगुनाह लोगों को भी गोली मार देना, महिलाओं के साथ बलात्कार आदि के किस्से खूब प्रचारित हैं। अक्सर इन धारणाओं को मानवाधिकार संगठनों की तरफ से भी बल मिलता रहा है। यही वजह है कि नागरिक ठिकानों से सुरक्षा बलों को हटाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। इससे एक तरह से आतंकवादी संगठनों को ही लाभ मिलता रहा है। स्थानीय लोग सुरक्षा बलों के खिलाफ नफरत और संदेह से भरे रहते हैं और दहशतगर्दों को पनाह देते रहते हैं। अफवाहों के जरिए सबसे अधिक जहर घोला जाता है युवाओं के मन में। उन्हें समझा दिया जाता है कि किस तरह सुरक्षा बलों ने उनके किसी परिजन के साथ ज्यादती की या हत्या कर दी। फिर वे आक्रोश में भर कर हाथों में बंदूक उठा लेते हैं। अफवाहों और गलत सूचनाओं को प्रसारित करने का वहां बकायदा एक तंत्र विकसित हो चुका है, जिसे छिन्न-भिन्न करने में कुछ हद तक तो कामयाबी मिली है, मगर वह अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। बुरहान वानी के मारे जाने के बाद जिस तरह बड़े पैमाने पर तकरीरें और गलत सूचनाएं प्रसारित की गई थीं, उससे पूरी घाटी में स्थिति बेकाबू हो उठी थी। मगर उसके बाद ऐसे अफवाह तंत्र पर नकेल कसी गई। उन लोगों पर नजर रखी जाने लगी, जो इस अफवाह तंत्र को संचालित करते या किसी भी रूप में उससे जुड़े थे। हालांकि अब भी चिकित्सा, शिक्षा, व्यवसाय आदि से जुड़े अनेक लोग हैं, जो अपने सुरक्षा बलों का साथ देने के बजाय दहशतगर्दों के समर्थन में अफवाहें फैलाने से बाज नहीं आते। उन पर सख्ती जरूरी है।

# पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण को लेकर हुई जनसुनवाई

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बी0एस0 वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में नगर पालिका क्षेत्र, नगर पंचायत एवम विकास खण्ड स्तर पर अन्य पिछड़े वर्ग के सर्वेक्षण की कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में जनसुनवाई बैठक आयोजित हुई। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने जनसुनवाई बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा नगर निगम क्षेत्र में अन्य पिछडे वर्ग के सर्वेक्षण कार्यवाही के प्रकरण में निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अन्य हितबद्ध जन सामान्य के साथ नगर पालिका अल्मोड़ा, चिलियानौला रानीखेतनगर पंचायत भिकियासैंण, द्वाराहाट एवम चौखुटिया मे अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि जो स्थानीय निकायों नगर पालिकाओं, जिला पंचायत के जो चुनाव होने है इन चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग का कितना प्रतिशत आरक्षण होगा, इस आधार पर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग जिला स्तर पर जाकर आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि कोई भी पिछड़ा वर्ग मतदाता इस सर्वेक्षण में वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अगर कोई परिवार सर्वेक्षण कार्य में छूट गया है तो उसका नाम अवश्य रूप से जोड़ा जाय। अध्यक्ष ने कहा कि जो समस्यायें सर्वेक्षण के दौरान आ रही है उन समस्याओं को शासन के सम्मुख रखा जायेगा। इस दौरान सदस्य सचिव एकल समर्पित आयोग व अपर सचिव पंचायती राज ओमकार सिंह ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों के क्रम में इस आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने का कि इस आयोग के माध्यम से जनसुनवाई कार्यक्रम सभी जनपदों में किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के जो आकड़े है वे सही है या गलत इस पर सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद अल्मोड़ा द्वारा इस सर्वेक्षण कार्य को बेहतर प्रबन्धन के साथ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि अन्य पिछड़ा वर्ग समाज का सही प्रतिनिधित्व व सही आकड़े आ सके। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आकड़े सही व सुसंगठित हो इस पर विशेष ध्यान दिया जायेस दौरान बैठक में उपस्थित सभी सभासदों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव मा0 अध्यक्ष के सम्मुख रखे। अध्यक्ष ने सभी सुझावों को उत्तराखण्ड शासन के सम्मुख रखते हुए उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी सहित समस्त सभासद व स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# फिल्म आदिपुरूष के खिलाफ पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक ने दी तहरीर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के संस्थापक संयोजक पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने आदि पुरुष फिल्म में दिखाए गए पात्रों के खराब चित्रण, त्रुटिपूर्ण संवाद से महाग्रंथ रामायण का मजाक उड़ाने और सनातन धर्म की धार्मिक भावनाओं को आहत किए जाने के विरोध में जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर सौंपी।श्री कर्नाटक द्वारा दी गयी तहरीर में उन्होंने कहा है कि आदिपुरूष फिल्म को अपने संवादों के साथ साथ महत्वपूर्ण पात्रों के खराब चित्रण,अभद्र संवाद,भ्रमित करने वाली कहानी के माध्यम से रामायण का मजाक उड़ाने के कारण सनातन धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ रामायण महाकाव्य आम जनमानस से जुड़ा हुआ है जिसे हम बहुत श्रद्धा पूर्वक देखने व पढ़ने का काम करते हैं।फिल्म में पात्रों की वेश भूषा, चित्रण तथा संवाद,सीता माता को भारत की बेटी बताया जाना,रावण के किरदार की वेशभूषा के साथ संवाद सनातन धर्म की भावनाओं को आहत किया गया है। उन्होंने कहा कि पिक्चर ने सनातन धर्म के लोगों को अपमानित करने का काम किया है।आज से 35 साल पहले रामानंद सागर की रामायण को बचपन में हम लोग भी देखा करते



थे।रामानंद सागर की रामायण से सनातन धर्म और इस्लाम धर्म के लोगों को सीख मिली।श्री कर्नाटक ने कहा कि फिल्म से सनातन धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।फिल्म में इस्तेमाल किए गए डॉयलाग्स आपत्तिजनक हैं। हिंदुस्तान में कुरान, रामायण,बाइबल को मानने वाले लोग हैं। फिल्म जगत से जुड़े लोग अपनी जेबें भरने के लिए हमारे ग्रन्थों का अपमानित करने का काम करते हैंउन्होंने कहा कि सनातन धर्म में तथ्यों के साथ छेड़छाड़, महापुरुषों व परमात्मा का सरलीकरण करना अक्षम्य अपराध है।धर्म की क्षेत्र मर्यादा चाहती है,शब्दों का चयन शत्रुओं के लिए भी मर्यादित ही होता है। मर्यादाविहीन पटकथा लेखक और निर्देशक ऐसे कभी स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं।फिल्म के पात्रों का वस्त्र व उनका संवाद अत्यंत स्तरहीन है।जहां रामचरित मानस सदैव से धर्म व मर्यादा की शिक्षा देकर हमें आदर्श जीवन जीने हेतु प्रेरित करता हैं।वहीं इस फिल्म में पौराणिक परंपरा व संस्कृति का मखौल उड़ाने के साथ ही अमर्यादित ढंग से भगवान राम,माता सीता,हनुमान जी सहित अन्य पात्रों का चरित्र चित्रण किया गया हैसिनेमा के जरिये सनातन धर्म एवं संस्कृति पर गहरा आघात पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी है वह किसी भी प्रकार से सहनीय नही है।श्री कर्नाटक के द्वारा उक्त धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले फिल्म निर्माता से लेकर कलाकार, कहानी, संवाद लेखक तथा फिल्म सेंसर बोर्ड के जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गयी है। इस अवसर पर श्री कर्नाटक के साथ देवेन्द्र कर्नाटक, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, रमेश मेलकानी,गौरव अवस्थी, हिमांशु कनवाल,अभिषेक बनौला, सचिन कुमार, पूर्व कांग्रेस जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, दीपांशु पाण्डेय सहित अनेकों लोग शामिल रहे।

# मैट्रोसिटी ने नानकमत्ता साहिब में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिविल लाईन स्थित मैट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा आज पंथ रतन बाबा हरबंस सिंह जी बाबा टहल सिंह जी चौरिटेबल हॉस्पिटल नानकमत्ता साहिब के सहयोग से श्री गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में दूध वाला कुआं के समीप नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में आये मरीजों की शुगर , पीलिया आदि की जांच की गई। साथ ही दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। मैट्रोसिटी के एमडी डा. मनदीप सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा विभिन्न जगहों पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते हैं । जिनका उद्देश्य लोगों को उनकी बीमारी से अवगत व उसका उपचार कराना होता है। उन्होंने बताया उनका मूल उद्देश्य निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सटीक इलाज और उनके जीवन को स्वस्थ जीवन के रूप में बदलना है। इस कैंप को सफल बनाने में मैट्रोसिटी हॉस्पीटल के जनरल मैनेजर श्री थापा, गौतम, मोना, सुरेंद्र, कविता और डॉक्टर फैजान मलिक के साथ मैट्रोसिटी चौरिटेबल ट्रस्ट का पूर्ण योगदान रहा।

## घोड़े को पिलाई सिगरेट, पशु क्रूरता में दर्ज हुआ मुकदमा

रूद्रप्रयाग। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर थारू कैंप में घोड़े-खच्चर को सिगरेट पिलाने के मामले में पुलिस ने दो पशु संचालकों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। यात्रा शुरू होने के बाद से अभी तक पशु क्रूरता मामले में 14 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दो वीडियो, जिसमें घोड़े की नाक में सिगरेट डाली जा रही है। पुलिस ने इन दोनों वीडियो की पड़ताल की तो पाया कि गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोटी लिनचोली के समीप थारू कैंप का यह मामला है। मामले में संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट की शिकायत पर घोड़ा संचालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि घोड़े को सिगरेट पिलाने का यह पहला मामला है। पूरे पैदल मार्ग पर घोड़ा-खच्चरों की मॉनीटरिंग के लिए जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

## सफाई अभियान में 6 ट्रक से अधिक मलवा और कचरा नालियों से निकाला

नैनीताल। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नैनीताल नगर में स्वच्छता अभियान के दौरान निकाली गई रैली के दौरान जिलाधिकारी को दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा नैनीताल नगर में टीमों का गठन किया गया तथा नालियों हेतु व्यापक स्वच्छता अभियान संचालित किया गया, जिसमें अब तक 06 ट्रक से अधिक मलवा और कचरा निकाला गया है नगरपालिका की टीम 2 पालियों में लगातार सफाई अभियान चला रही है।सरोवर नगरी नैनीताल में मानसून के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी व नगरपालिका



को व्यापक सफाई अभियान चलाकर नालियां व नालो की सफाई के निर्देश दिए गए थे । जिस पर उपजिलाधिकारी नैनीताल राहुल शाह द्वारा स्वयं मॉनिटर कर नगरपालिका की सफाई कराई गई। इस हेतु टीम द्वारा पिछले 3 दिन से लगातार वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अभियान में 6 ट्रक से अधिक मलवा और कचरा नालियों से निकाला गया। उप जिलाधिकारी नैनीताल ने बताया कि नगरपालिका की टीम द्वारा 2 पालियों में अभियान को लगातार चलाया जा रहा है।

# किराए पर स्कूटी व बाईक लेकर हुए रफूचक्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य में शातिर युवा नई नई योजनाएं बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए हैं। ऐसे ही एक और मामला सामने आया है। स्वरोजगार के लिए व्यक्ति द्वारा लोन पर लिए स्कूटी तथा बाईक को दो युवक किराए पर ले गए और उसके बाद रफूचक्कर हो गए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। राज्य में कई युवा स्वरोजगार के लिए अलग-अलग तरह से आजीविका चला रहे है। आवास विकास कालोनी निवासी विद्याधर पुत्र कृष्ण कुमार ने बताया कि उसने स्वरोजगार के लिए लोन लेकर तीन स्कूटी खरीदी थीं। स्कूटी को किराये पर देकर वह आजीविका कमा रहा है। रोजगार का लिए उसने इसका खूब प्रचार- प्रसार भी किया। उसने बतायाकि विगत 1 जून को दो युवकों का फोन उसके पास आया। जिन्होंने अपना नाम हेमंत और राहुल बताया। दोनों एक स्कूटी और बाइक किराए पर मांगी। जिस पर उसने इंकार करते हु कहा कि उसकी स्कूटी का अभी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, जिसे वह किराए पर नहीं दे सकता और बाइक निजी इस्तेमाल के लिए है। लेकिन शातिर युवकों ने उससे कहा कि उन्हें कुछ देरी के लिए वाहन चाहिए। कुछ देर में स्कूटी और बाइक से घूमकर वापस आ जायेंगे। जिसके बाद उसने वाहन दे दिए, लेकिन शातिर दोनों युवक वापस लौट कर नहीं आए। जब पांचवें दिन भी वह नहीं आये तो उसे वाहन चोरी का एहसास हुआ। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आइसा का राज्य सम्मेलन एक जुलाई को श्रीनगर में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आइसा का छठा राज्य सम्मेलन आगामी एक जुलाई को श्रीनगर गढ़वाल में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए आइसा के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि संगठन की वर्चुअल बैठक में यह फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले से भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं राज्य सम्मेलन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि छात्रों के मुद्दों पर नौ अगस्त से आइसा का राष्ट्रीय सम्मेलन कोलकाता में आयोजित होगा। भाकपा माले केंद्रीय कमेटी के सदस्य डॉ. कैलाश पांडेय ने कहा कि राज्य सम्मेलन के बाद पुरजोर तरीके से युवाओं के सभी मुद्दों पर संघर्ष तेज किया जायेगा।

# विद्युत चोरी से सरकार को करोड़ों की चपत

## अपनी आर्थिक सेहत सुधारने में जुटे हैं जिम्मेदार अधिकारी

–मनोज श्रीवास्तव–

काशीपुर। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही विद्युत चोरी नासूर बन चुकी है। विद्युत चोरी से अकेले काशीपुर क्षेत्र से प्रतिमाह सरकार के राजस्व को करोड़ों की चपत लग रही है। सूत्रों की माने तो विद्युत चोरी के इस खेल में विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत शामिल है। यानी विद्युत महकमा उपभोक्ताओं अथवा कल कारखानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति करने के नाम पर अपनी आर्थिक सेहत सुधारने में जुटा है। ऊर्जा प्रदेश में चल रहे लूट खसोट के खेल पर समय रहते यदि प्रतिबंध नहीं लगा तो भविष्य के परिणाम गंभीर होंगे। ज्ञातव्य है कि काशीपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों तथा नगर के तमाम इलाकों में हजारों की तादात में लोग आज भी चोरी की बिजली से घरों को रोशन कर रहे हैं। सर्वाधिक विद्युत चोरी के मामले औद्योगिक आस्थान महुआ खेड़ा गंज में है जहां विद्युत विभाग के अधिकारी कभी देखने की जहमत नहीं उठाते। नगरीय क्षेत्र की बात करें तो यहां काशीपुर में चिराग तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अधिशासी अधिकारी कार्यालय से महज कुछ फासले पर जेल रोड पर फास्ट फूड की दर्जनों दुकानें कटिया की बिजली से चल रही है। नगर क्षेत्र में काली बस्ती, अल्ली खां, मजरा रोड, लक्ष्मीपुर पट्टी, गड्ढा कॉलोनी, वैशाली कॉलोनी, खड़कपुर देवीपुरा, गौतम नगर, कवि नगर, समेत दर्जनों मोहल्लों के अलावा कुंडा व आईटीआई क्षेत्र की दर्जनों गांवों में अनगिनत लोग धड़ल्ले से विभाग की कृपा पर बिजली चोरी कर रहे हैं। कुंडेश्वरी व प्रतापपुर क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी की जा रही है। जानकार बताते हैं कि लाइनमैन अथवा विद्युत विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों से सांठगांठ कर दर्जनों की तादाद में आटा चक्की आदि छोटे-मोटे कल कारखाने चलाए जा रहे है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी से विद्युत लाइनों ट्रांसफार्मर व खंभे के अलावा बिजली घरों के उपकरणों पर ओवरलोड पड़ने से इसका भी खर्च सरकार को झेलना पड़ रहा है। इस लिहाज से देखा जाए तो विद्युत चोरी के कारण सरकार के राजस्व को करोड़ों की क्षति हो रही है। हालांकि विद्युत चोरी की इक्का-दुक्का मामले आए दिन विभागीय अधिकारियों द्वारा पकड़े जा रहे हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि बड़ी मछली तक कानून के हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं। छोटे-छोटे मामलों को पकड़कर विभागीय अधिकारियों द्वारा अपनी पीठ आप थपथपाने का काम किया जा रहा है। इस लिहाज से देखा जाए तो विभाग तमाम जतन के बावजूद विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने में फेलियर साबित हुआ। अकेले लाइन लास से यहां लाखों का झटका प्रतिमाह लग रहा है।

### विश्वनाथ पुरम कॉलोनी में जमीन पर झूल रहे हाईटेंशन तार

काशीपुर। मानपुर रोड पर विश्वनाथ पुरम कॉलोनी में सड़क पर झूल रहे हाईटेंशन लाइन के तारों को विद्युत विभाग के जेई सुबोध नेगी ने रस्सी बताया। कहा कि उसमें करंट प्रवाहित ना होने के कारण कोई खतरा नहीं है। जबकि सरेराह जमीन पर झूल रहे तारों की वजह से बड़ी दुर्घटना की आशंका चौबीसों घंटे बनी रहती है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि कॉलोनी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे सड़क पर पड़े तार से बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। या फिर कदाचित इन्हीं तारों में अर्थिंग प्रवाहित हुई तो बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन विभागीय जेई इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। ज्ञातव्य है कि मानपुर रोड पर आरके राइस मिल के सामने स्थित विश्वनाथ पुरम कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर हाईटेंशन लाइन के तार जमीन पर झूल रहे हैं। इसके अलावा कॉलोनी की ओर मोड़ पर ऊपर विद्युत पोल के समीप तारों का जाल बिछा हुआ है। बिजली के तारों से जहां एक और 24 घंटे शार्ट सर्किट का अंदेशा बना रहता है वहीं कॉलोनी की ओर मोड़ने वाले मार्ग पर हाईटेंशन लाइन के जमीन पर झूलते तार बड़े हादसे को मूक आमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही की बदौलत पिछले एक माह के करीब से कॉलोनी वासियों के लिए विद्युत तार खतरे का सबब बना है। इस मार्ग से होकर सुबह सवेरे से देर रात तक स्थानीय लोगों का बड़ी तादाद में आवागमन रहता है इसके अलावा इसी मार्ग से होकर सैकड़ों की तादाद में वाहन भी आते जाते रहते हैं। कॉलोनी वासियों ने बताया कि 1 माह के करीब से जमीन पर झूल रहे तारों को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद अब तक विद्युत तारों को दुरुस्त नहीं किया जा सका है। इस बारे में जब जैन सुबोध नेगी से बातचीत की गई तो उन्होंने कर्मचारियों को भेजकर जमीन पर पड़े तारों को उठाकर बाउंड्री की दीवार पर रखवा दिया। दायित्वों में की जा रही इस तरह की घोर लापरवाही बड़ी घटना का सबब बन सकती है। उधर कॉलोनी वासियों ने कहा कि यदि समय रहते विद्युत तारों को दुरुस्त नहीं किया गया और कोई घटना घटी तो इसके सीधे तौर पर संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।



### जमीन से उठाकर बाउंड्री वॉल पर रख दिए तार

काशीपुर। 11000 बोल्ट के हाई टेंशन लाइन के तारों को जमीन पर बड़े होने की सूचना मिलने पर अधिशासी अधिकारी ने इसे तत्काल दुरुस्त करने की बात कही लेकिन जूनियर इंजीनियर सुबोध देगी ने कार्यवाही के नाम पर कर्मचारियों की मदद से जमीन पर पड़े तारों को उठाकर एक बाउंड्री वॉल पर रखवा दिया। दायित्वों में की जा रही इस तरह की लापरवाही गंभीर हादसे का सबब बन सकती है। माना कि हाईटेंशन लाइन के तारों में करंट प्रवाहित नहीं हो रहा है लेकिन इसके बावजूद यदि बरसात के दिनों में तारों में अर्थिंग आई अथवा कोई वाहन उलझ कर दुर्घटनाग्रस्त हुआ तो अतिशयोक्ति नहीं होगा।

### वर्षों से एक स्थान पर जमे हैं अधिकारी

काशीपुर। ऊपर तक अपनी पहुंच रखने वाले कुछ अधिकारी यहां ऐसे भी हैं जो पिछले कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हैं। ऐसे अधिकारियों के जब ट्रांसफर के नंबर आते हैं तो जुगाड़ लगाकर यह ट्रांसफर रुकवा लेते हैं। इस तरह के अधिकारियों को चिन्हित कर तत्काल यदि तबादला नहीं किया जाता तो निश्चित रूप से चोर बाजारी का यह खेल लगातार जारी रहेगा।

## हेली टिकट बुकिंग के नाम पर लोगों को ठगने वाले बिहार के दो सगे भाई गिरफ्तार

देहरादून। हेली सेवाओं के नाम पर देशभर के लोगों को ठगने के आरोप में बिहार निवासी दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। ठगी के मामले में पिछले दिनों साइबर पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसटीएफ अब तक 35 फर्जी वेबसाइटों को बंद करा चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों को शुक्रवार को दून लाया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया, पिछले साल केदारनाथ हेली सेवा के नाम पर ठगी के कई मामले आए थे। इस साल शुरुआत से ही इस पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया गया। एसटीएफ ने फर्जी वेबसाइटों को ब्लॉक कराना शुरू किया। इन सभी वेबसाइटों पर ठगों ने अपने नंबर लिखे थे। वेबसाइट ब्लॉक होने के बाद भी कई लोग ठगों का शिकार हो गए। ठगी की सूचनाओं के लिए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से ईमेल आईडी जारी की गई थी। इस पर उत्तराखंड निवासी प्रकाश चंद पुरोहित ने शिकायत की। उनसे ठगों ने 61 हजार रुपये ठग लिए। इसी तरह राजस्थान के जयपुर निवासी जस्टिन जॉसेफ के साथ 33 हजार, तमिलनाडु निवासी डीकेएस मूर्ति से 48 हजार रुपये और गुजरात के अशोक कुमार के साथ 30 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से समय-समय पर शिकायतें आईं। जांच के दौरान गिरोह के बिहार से सक्रिय होने के सुबूत मिले थे। फोन नंबरों और बैंक खातों की जांच करते हुए टीम बिहार के शेखपुरा तक पहुंच गई। यहां से दो सगे भाइयों सन्नी राज और बॉबी रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से छह मोबाइल और चार सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सिम और मोबाइल के जरिये जानकारी जुटाई जा रही है कि आरोपियों ने कितने लोगों से ठगी की है। एसएसपी ने बताया, इन लोगों की संलिप्तता विभिन्न मामालों में पाई गई है। आरोपियों का पूरा गैंग इस काम में शामिल है। ये लोग फर्जी आईडी पर सिम कार्ड लेते हैं। इसके बाद फर्जी वेबसाइट बनाकर इन नंबरों को लिखते हैं। इन वेबसाइटों का लिंक विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल किया जाता है। जो लोग इन पर संपर्क करते हैं उन्हें फंसाकर फर्जी टिकट भेज दिए जाते हैं।

## पत्रकार प्रेस परिषद की नैनीताल इकाई का विस्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद नैनीताल इकाई की बैठक जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी की देखरेख में जिलाध्यक्ष उर्वादत्त भट्ट ने दीपक सिंह जिला उपाध्यक्ष, अतुल कुमार अग्रवाल को महासचिव, ललित मोहन और राजेंद्र सिंह को प्रचार मंत्री, रेवा धर भट्ट को सचिव, कमल सुनाल को मीडिया प्रभारी एवं विशन दत्त मिश्रा व संजय मिश्रा को कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने की घोषणा की। सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि कुमांऊ भर में जिला एवं तहसील इकाईयों का गठन जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी जल्द होगा। साथ ही गदरपुर तहसील इकाई के गठन की भी तैयारी पूरी हो गयी है। उन्होंने कहा कि कुमांऊ भर में परिषद को मजबूत बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद राष्ट्रीय स्तर का संगठन है और लम्बे समय से पत्रकारों के हितों के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में यह पहला पत्रकार संगठन है जो अपने सदस्यों को सवा दो लाख का बीमा भी दे रहा है। इसके अलावा समय समय पर पत्रकार उत्पीड़न के मामलों पर संगठन मजबूती से आवाज उठाता है। गुलाटी ने कहा कि कुमांऊ में परिषद से जुड़े किसी भी सदस्य का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।



## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में मानसून की...** हुई। जिससे बरसाती नालों में उफान आ गया। लोग बारिश का रौद्र रूप देख सहम गए। सुबह रुक-रुक कर रुड़की और आसपास के क्षेत्रों में बारिश हुई। शनिवार रात से जारी बारिश के चलते हरिद्वार शहर और देहात के कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। कनखल में नहर और नाले का पानी घरों में ओवरफ्लो होकर घुसा। कई लोगों के घरों के सामान खराब हो गया। लाटोवाली में भी नाले चोक होने से कालोनी की सड़क जलमग्न हो गई। ज्वालापुर में मेन बाजार सहित कई इलाकों में दो से तीन फुट पानी भर गया। गलियों में खड़े कई वाहन पानी में डूबे गए। ऋषिकुल के पास बारिश के चलते एक पुराने मकान की दीवार ढह गई। मकान बहने की आशंका के चलते परिवार ने पड़ोस के घर में आसरा लिया। जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंध न विभाग और तहसील प्रशासन को अलर्ट होने के लिए निर्देश दिए। बाढ़ संभावित इलाकों पर नजर रखी जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग बारिश से हुए नुकसान का जायजा ले रहा है। फिलहाल गंगा खतरे के निशान से 2.60 मीटर नीचे बह रही है। उत्तरकाशी सहित आसपास के इलाकों में वर्षा होने के कारण मार्ग अवरुद्ध होने शुरू हो गए हैं। शनिवार देर रात यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग ओरछा बैंड के पास अवरुद्ध हो गया था, जिसे रविवार को खोल दिया गया। मार्ग बंद होने से वाहनों की आवाजाही ठप हो गई थी और कई यात्री वाहन फंस गए थे। मार्ग अवरुद्ध होने के कारण यमुनोत्री व बड़कोट से उत्तरकाशी की ओर आने वाले वाहनों की लंबी कतार लगी थी। इन वाहनों को पुलिस की ओर से बड़कोट वापस भेजा जा रहा था। जबकि ब्रह्मखाल की ओर से बड़कोट जाने वाले वाहनों को वापस ब्रह्मखाल भेजा जा रहा था। यमुनोत्री धाम के दर्शन कर गंगोत्री धाम के दर्शन करने के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। चमोली में भी मौसम खराब बना हुआ है। यहां बादल छाए हुए हैं। अलकनंदा का जल स्तर भी बढ़ गया है। ऋषिकेश में बीती मध्यरात्रि से हल्की बूंदाबांदी हो रही थी जो रविवार की सुबह मूसलधार बारिश में बदल गई ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण निचले क्षेत्रों में पानी बढ़ रहा है। 28 जून को ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में जी 20 बैठक के तहत गंगा आरती होनी है। समूचे त्रिवेणी घाट में पानी है। जिस कारण यहां होने वाली तैयारियां प्रभावित हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा कि मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसे देखते हुए रविवार से देहरादून समेत सात जनपदों में अगले 24 घंटे में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया किया गया है। इस दौरान देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चंपावत, पिथौरागढ़, नैनीताल व बागेश्वर जनपदों में कहीं-कहीं बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

**प्राधिकरण के आदेश ताक...**से लेते हुए प्राधिकरण सचिव ने निर्माण को सील करने का आदेश जारी किया है। लेकिन नोटिस का भी कोई असर नहीं पड़ा है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण सचिव द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि प्राधिकरण के तकनीकि अनुभाग द्वारा गत 19 मई को प्रस्तुत चालानी रिपोर्ट में कहा गया था कि जयचन्द्र जैन द्वारा रूद्रा होटल के आगे टावर वाली गली वैशाली कालोनी के पीछे भूतल पर बिना अनुमति चार दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके पश्चात प्रधिकरण द्वारा कार्रवाई करते हुए 20 जून 2023 को निर्माण स्थल पर नोटिस चस्पा किया गया। बावजूद इसके कार्य स्थल पर निर्माण कार्य जारी रहा। जबकि निर्माण कर्ता द्वारा निर्माण की कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई। इसको गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण सचिव ने अधिनियम की धारा-28 क (1) के अधीन निर्माण कर्ता को सील नोटिस जारी किया कि 23 जून तक निर्माण स्थल पर हो रहे अवैध निर्माण की सामग्री तत्काल हटा लें। अन्यथा इसके बाद प्रधिकरण किसी भी कार्य दिवस पर निर्माण स्थल को सीलबंद कर देगा। बताया जाता है कि सील नोटिस जारी करने के बाद प्राधिकरण टीम ने अवैध निर्माण स्थल को सील करने की कवायद भी शुरू कर दी है। लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य दिन रात चल रहा है। बताया जाता है कि मौके पर जल्द ही लेंटर डालने की तैयारी की जा रही हैं।

**आपातकाल के सेनानियों...**गये। साथ ही यातनायें दी गईं। उन्होंने बताया कि आपातकाल का फैसला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल को काला अध्याय के रूप में जाना जाता है। उस दौरान लाखों लोग बेघर हो गये। हजारों लोगों की जबरन नसबंदी करा दी गई। सही ईलाज न मिलने के कारण कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। स्व. इंदिरा गांधी के सत्ता के लालच के कारण भारत वर्ष को कई वर्ष पीछे धकेल दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, वेद ठुकराल, अमित नारंग, यशपाल घई, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, मेयर रामपाल सिंह, आदिवक्ताओं ने अपने विचार रखें व आपातकाल को निजी स्वार्थों के लिए लोकतंत्र की हत्या करना बताया। जिन लोगों को सम्मानित किया गया उनमें राजकुमार हुड़िया, हरीश पंत, अशोक जैन, सुभाष छावड़ा, सूरजप्रकाश गुलाटी, कस्तूरी लाल तागरा, कृष्णलाल नारंग,युगराज रघुवंशी, जुगल किशोर बांबा, स्व. किशोरी लाल धीर की पोती प्रीति धीर, स्व.ओमप्रकाश गुप्त के परिजन,स्वाति, राजेन्द्र कुमार,वेद ठुकराल, ओमप्रकाश ठुकराल, सुनील कुमार, व सुरेश पुंशी आदि शामिल थे।

**रील बनाने के चक्कर...**मिलने पर रोते-बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना पर जीआरपी थानाध्यक्ष ममता गोला भी पहुंचीं। उन्होंने बताया कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

**सीएम ने आपदा...**को कहा गया है कि जहां पर जलभराव हो रहा है उन इलाकों का ध्यान रखा जाए। आज बरसात रुकने के बाद हालातों का जायजा लिया जाएगा और उसी हिसाब से सभी विभाग कार्य करेंगे। कहा कि चारधाम श्रद्धालुओं से में लगातार अपील करता हूं कि अगर मौसम खराब होता है तो यात्रा रोक दें। मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर नजर बनाएं रखें।

**सरेआम चोर को ...**नजर आ रहा है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है, जिस पर एसएसपी ने संज्ञान लेते हुए दोनों कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया है। पूरे मामले की जांच सीओ विकासनगर को दी गई है। जांच के आधार पर दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ नियम अनुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000